अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तत्त्वज्ञान (वर्ष : 2024) दिनांक : 27.08.2024

समय सीमा : 3 घंटा | चतुर्थ वर्ष : द्वितीय प्रश्न पत्र | पूर्णांक : 100

नव पदार्थ-आश्रव संवर–50

प्र. 1 किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखें– 16

आश्रव–किन्हीं छहः प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(क) भिक्षु किसे कहते हैं?

(ख) पूज्यपाद के अनुसार मिथ्यात्व के दो भेद कौन-कौन से हैं?

(ग) अप्रमार्जन असंयम से क्या तात्पर्य है?

(घ) सद्‌भाव-प्रतिरोध के प्रकारों को लिखें?

(ड़) रसनेन्द्रिय आश्रव किसे कहते हैं?

(च) ओघ संज्ञा से आप क्या समझते हैं?

(छ) शुक्ल ध्यान किसे कहते हैं?

(ज) भाव प्रतिक्रमण से क्या तात्पर्य है?

संवर–किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(झ) बाईस परीषहों का वर्णन कौन-कौन से आगमों में आता है?

(ञ) सूची कुशाग्र संवर से क्या तात्पर्य है?

(ट) सामायिक चारित्र की उत्पत्ति किस प्रकार होती है?

प्र. 2 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें– 10

आश्रव–

(क) आश्रवों के स्वाभाविक रूप कितने और क्रिया रूप कितने व क्यों?

अथवा

योग के तीनों भेदों को परिभाषित करें।

संवर–

(ख) संवर पदार्थ है प्रमाणित करें।

अथवा

यथाख्यात चारित्र की उत्पत्ति किस प्रकार होती है?

प्र. 3 निम्न प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखें– 24

आश्रव–

(क) मोक्ष मार्ग की करनी करते हुए पुण्य का सहज आगमन कैसे होता है?

अथवा

आश्रव के बीस भेदों का विवेचन करें।

संवर–

(ख) दस धर्म कौन-कौन से हैं?

अथवा

सिद्ध करें कि पांच निर्ग्रन्थ संवर युक्त हैं।

अवबोध (मनुष्य से शील धर्म)–30

प्र. 4 किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखें– 6

(क) अकर्म भूमि के मनुष्य मर कर कहां जाते हैं?

(ख) तिर्यंच पंचेन्द्रिय के पांच प्रकार कौन से हैं?

(ग) संभोग और संयोग में क्या अंतर है?

(घ) सातों पृथ्वियां शाश्वत है या अशाश्वत?

(ड़) चारों दर्शन का स्वरूप क्या है?

(च) क्या क्षायक सम्यक्त्वी उपशम श्रेणी पर चढ़ सकता है?

(छ) चारित्र कौन सा भाव व कौन सी आत्मा है?

(ज) ब्रह्मचर्य का पालन सावद्य है या निरवद्य?

प्र. 5 किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखें– 12

(क) समाज के व्यवहार को निभाना क्या धर्म नहीं है?

(ख) क्या तीनों करण का स्वरूप सदृश है?

(ग) क्या कर्मभूमि क्षेत्रों में राजा-प्रजा की व्यवस्था सदैव रहती है?

(घ) तिर्यंच गति किसे कहते हैं?

(ड़) क्या नरकों में देवों का आवागमन होता है?

(च) कौन से ज्ञान का किस दर्शन से संबंध है?

(छ) इतने स्वल्प आयुष्य में क्या निगोद के जीव पर्याप्त हो जाते हैं?

(ज) चारित्र की अल्पबहुत्व का क्या क्रम है?

प्र. 6 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें– 12

(क) आहार का ब्रह्मचर्य के साथ क्या सम्बन्ध है?

(ख) सम्यक्त्व के आचार कितने हैं?

(ग) भगवान ऋषभदेव व महावीर को छोड़कर शेष बाईस तीर्थंकरों के समय क्या ब्रह्मचर्य महाव्रत नहीं था?

श्रावक संबोध–20

प्र. 7 कोई चार पद्य लिखें– 12

(क) नई विधा से चार महास्कन्धों की कल्पना की गई–वह पद्य लिखें।

(ख) श्रावक को कम से कम नौ तत्त्वों का सहज ज्ञान होना चाहिए–वह पद्य लिखें।

(ग) भक्ति में शक्ति सन्तुलन बिठाने वाला पद्य कौन-सा है?

(घ) मृत्यु भी सहज सुन्दर साधना बन जाती है–वह पद्य कौन-सा है?

(ड़) मोक्ष का अर्थ है परमात्म पद यह पद्य कौन-सा है?

प्र. 8 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें– 8

(क) श्रावक के जीवन में तीन कौन सी विशेषताएं होती हैं?

(ख) कायोत्सर्ग प्रतिमा से आप क्या समझते हैं?

(ग) श्रावक की चार भूमिकाओं के नाम लिखें।

(घ) संसारी जीव की दो अवस्था कौन-सी है?

(ड़) लोक की तीन परिभाषाएं लिखें।